आफरी में आयोजित पृथ्वी दिवस कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट

भावाअशिप-शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर में दिनांक 22/04/2025 को पृथ्वी दिवस-2025 कार्यक्रम का आयोजन आफरी निदेशक डॉ. तरुण कान्त की अध्यक्षता में किया गया| इस कार्ग्रकम के आरम्भ में निदेशक द्वारा आफरी परिसर में पौधारोपण किया गया| पृथ्वी दिवस 2025 की थीम "अवर पॉवर अवर प्लेनेट" विषय पर डॉ. कान्त द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया| उन्होंने अपने व्याख्यान में पृथ्वी दिवस मनाने का इतिहास बताया एवं गैर परम्परागत अक्षय उर्जा क्षेत्र में भारत के बढ़ते योगदान को विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया| उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए सरकारी नीतियों, कॉर्पोरेट की जिम्मेदारी, सामूहिक सहभागिता एवं अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया| उन्होंने देश के वृहत सोलर प्लांट पर एक लघु फिल्म को भी प्रदर्शित किया| इस कार्यक्रम में डॉ. संगीता सिंह, समुह समन्व्यक शोध, रमेश बिश्नोई, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, अन्य प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे |

Earth Day 2025:
Our Power, Our Planet
Celebrating Earth Day as a global call to action. The theme "Our Power, Our Planet" calling everyone to unite around renewable energy so we can triple clean electricity by 2030.
by Tarun Kant